मेसर्स डी. बी. पॉवर लिमिटेड, द्वारा ग्राम– तराईमार, जिला रायगढ़ के दुर्गापुर II /सरिया कोल ब्लाक, मांड–रायगढ़ कोल फील्ड्स के अंतर्गत खुली खदान (लीज क्षेत्र – 693.326 हेक्टेयर) क्षमता 2 एम.टी.पी.ए. के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 28.02.2011 का कार्यवाही विवरण

मेसर्स डी. बी. पॉवर लिमिटेड, द्वारा ग्राम– तराईमार, जिला रायगढ़ के दुर्गापुर II /सरिया कोल ब्लाक, मांड–रायगढ़ कोल फील्ड्स के अंतर्गत खुली खदान (लीज क्षेत्र – 693.326 हेक्टेयर) क्षमता 2 एम.टी.पी.ए. के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 28.02.2011 स्थान – शासकीय प्राथमिक शाला, मेढ़रमार के समीप का मैदान, ग्राम – मेढ़रमार, विकासखण्ड व तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी रायगढ, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रातः 11.00 बजे लोक सुनवाई की कार्यवाही प्रारंभ की गई। लोक सुनवाई में पुलिस अधीक्षक, रायगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़ तथा क्षेत्रीय अधिकारी, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ उपस्थित थे। लोक सुनवाई में आसपास के ग्रामवासी तथा रायगढ़ के नागरिकों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा ई.आई.ए. नोटिफिकेशन दिनांक 14.09.06 के प्रावधानो की जानकारी दी गयी।

लोक सुनवाई में लगभग 2000 लोगो का जन समुदाय एकत्रित हुआ। उपस्थिति पत्रक पर 16 लोगों ने हस्ताक्षर किये। मौखिक वक्तव्यों को लिपिबद्ध किया गया।

लोक सुनवाई उद्योग प्रतिनिधि के द्वारा परियोजना के प्रस्तुतीकरण से प्रांरभ हुई। सर्वप्रथम उद्योग की ओर से कंपनी प्रतिनिधि श्री माधव मुकुंद ओझा, असिस्टेंट वाईस प्रेसीडेंट, श्री दीप काबरा, सीनियर वाईस प्रेसीडेंट एवं डॉ. रतन, ई. आई. ए. कंसलटेंट द्वारा प्रस्तावित परियोजना के संबंध में किये जाने वाले प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, जल की आवश्यकता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्थानीय लोगों को रोजगार, सामुदायिक विकास कार्य आदि के संबंध में जानकारी दी गयी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा उद्योग प्रतिनिधि को जन सुनवाई के दरम्यान उठायी गई आपत्तियों, टीकाटिप्पणी को नोट करने तथा उन्हें कार्यवाही के अंत में बिन्दुवार स्पष्ट जानकारी देने का निर्देश दिया गया। इसके उपरांत उपस्थित जन समुदाय से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणी आमंत्रित की गयी, जिस पर निम्नानुसार 438 व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किये –

सर्वश्री –

1. बिन्दु भोय, सरपंच, बायसी कालोनी, – जनता की राय हमारी राय है। जनता विरोध करती है तो मैं भी विरोध करती हूँ
2. मुदिस्ता बेग, पतरापारा – मैं इस जन सुनवाई का विरोध करती हूँ, क्योंकि खदान से ध्वनि प्रदूषण होगा, यहॉ 100 हाथी विचरण करते हैं, दूसरे जानवर भी हैं, यहॉ अनेक फल के पौधे जैसे आम, जामुन आदि खनन से ये पौधे सूख जायेंगे और जंगल के पशुओं को आहार प्राप्त नहीं होगा मानव , वातावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, प्रस्तावित क्षेत्र खेती भूमि है, खदान में 600 फुट तक खुदाई करने से किसान एक बूंद पानी के लिये तरस जायेगा, यहॉ से प्राथमिक स्कूल, हाई स्कूल और छात्रावास स्थित है, उनपर बूरा प्रभाव पड़ेगा, उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, यहॉ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है, खनन से यहॉ के लोगों का विकास नहीं विनाष हो जायेगा, तीन किलो मीटर के क्षेत्र में पुरातात्विक क्षेत्र अंबेटिकरा मंदिर और अनेक

मंदिर तथा चर्च हैं, और कब्रिस्तान है उसकी जानकारी ई. आई. ए. रिपोर्ट में नहीं दी गई है। उपरोक्त कारणों से मैं इस जन सुनवाई का घोर विरोध करती हूॅ।

3. स्मृति सोनलता खलखो, पतरापारा – मैं मेसर्स डी. बी. पॉवर का घनघोर विरोध करती हूॅ। यहॉ बफर जोन के अंदर मंदिर मस्जिद, गिरजाघर और अन्य कई गुफाए हैं, जहॉ जाकर हम अपने देवी देवताओं का पूजा करते हैं, खनन से हमारे विशाल वन का विनाश होगा, मानव और पशु जल के बिना नहीं रह सकते हैं, केवल पर्यावरण प्रदूषण ही नहीं होगा, नैतिक और सामाजिक प्रदूषण होगा इसलिये मैं विरोध करती हूॅ।

4. फबियला टोप्पो, पतरापारा – इस कोल ब्लाक के स्थापना पर आपत्ति दर्ज करती हूॅ, इसके कारण छोटे–बड़े जंगलों को काटा जायेगा, हाथियों के रहने का स्थान उनसे छीना जायेगा, जिससे भारी जन हानि होगी, ई. आई. ए. रिपोर्ट में इसकी जानकारी नहीं दी गई है, ई. आई. ए. भ्रामक है, धार्मिक और पुरातात्विक क्षेत्र को ई.आई. ए. रिपोर्ट में नहीं दर्शाया गया हैं, क्षेत्र के आदिवासियों का जीवन अस्त व्यस्त हो जायेगा, कोल ब्लाक के स्थापना से होने वाले उपरोक्त समस्याओं के कारण मैं डी. बी. पॉवर के कोल खदान का विरोध करते हुए आपत्ति दर्ज करती हूॅ।

5. काली, मेंढरमार – कंपनी का विरोध है।

6. रेणु, मेंढरमार – कंपनी नहीं चाहिए, पर्यावरण बचाओ ।

7. रसमती, मेंढरमार – विरोध है कंपनी का।

8. बसंती, मेंढरमार – पर्यावरण बचाईये।

9. अनिमा मंडल, मेंढरमार – जमीन नहीं देंगे।

10. स्वाती देवी, मेंढरमार – कंपनी का विरोध है।

11. अंजना , मेंढरमार – हमें कंपनी नहीं चाहिए, पर्यावरण बचाईये।

12. डी. एस. माल्या, पतरापारा – कल जो बैठक हुआ था, उसमें जो नगर पंचायत क्षेत्र को छोड़ने की बात कही गई थी, क्या यह छोड़ने और लेने का अधिकार कंपनी को है ? क्या माईनिंग क्षेत्र में संशोधन करने का अधिकार है ? कैसे कहा गया है कि 350 या 800 एकड़ जमीन जो धर्मजयगढ़ नगर पंचायत के अंदर है उसे छोड़ देंगे। उसकी जानकारी दी गई है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा कंपनी प्रतिनिधि को बुलाया गया और पूछा गया कि कैसे वे इस क्षेत्र को छोड़ देंगे ?

कंपनी प्रतिनिधि द्वारा बता गया कि धर्मजयगढ़ नगर पंचायत का कोई भी क्षेत्र नही खरीदा जायेगा और न ही खनन किया जायेगा।

पुनः श्री माल्या, आपने जो ई. आई. ए. रिपोर्ट है उसमें आपने जो जानकारी दी गई है, उसमें पानी के बारे में जो जानकारी दी गई है। उसमें आप स्टोर टैंक बनाना बताया गया है। आपने बताया है 7 एकड़ एरिया ढांगर नाला के बगल में बताया गया है। नगर पंचायत क्षेत्र में जो कार्यवाही प्रस्तावित हैं उसे कहॉ करेंगे ?

उद्योग प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पानी का पुर्नउपयोग कर लिया जायेगा। जीरो डीस्चार्ज जब उस क्षेत्र को नहीं खरीदा जायेगा तो अन्य क्षेत्र में टेंक बनाया जायेगा। जो भी कार्यवाही धर्मजयगढ़ नगर पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित है उसको अन्य स्थान पर करने हेतु लिखित में दे देंगे।

श्री माल्या कंपनी के द्वारा खदान में खोदने हेतु ब्लास्टिंग करेंगे जो कोर जोन में गांव हैं वे प्रभावित होंगे। ब्लास्टिंग से वहॉ के मकान हिल जायेंगे। मानव, जीव

जंतु और पशु पक्षि पर जो प्रभाव पड़ेंगे उसको कोई नहीं रोक सकता यह तभी रुक सकता है जब कंपनी यहॉ से चला जाये, हमारे क्षेत्र का पानी सूख जायेगा, हमारे कपड़े काली हो जायेंगे, मैंने इस क्षेत्र में 7 पुरातात्विक क्षेत्र के बारे में सर्वे किया है, कंपनी वाले को नही मालूम कि अंबेटिकरा मंदिर के बारे में उसकी जानकारी नही दी गई है। यहॉ चर्च है,मंदिर है, मस्जिद है उसके बारे में नहीं बताया गया है, इस कंपनी के खुलने से हमारे धर्मजयगढ़ क्षेत्र का अस्तित्व मिट जायेगा, कंपनी यहॉ से चला जाये, हमें शान्ति से रहने दें।

13. अधिर माझी, बायसी कालोनी – मैं इतना जानता हूॅ कि डी. बी. पॉवर जो खदान है उसके खुलने से हमारे यहॉ का जल जीवन, जलवायु, हवा पानी, सब कुछ बरबाद हो जायेगा, कंपनी का यह षड़यंत्र है, यहॉ कभी भी ऐसी घटना नहीं घटी है, कंपनी के लोगों के द्वारा हमारे बायसी कालोनी में लाठी डंडा लेकर समर्थन जुटाने गये थे, हमने उसका विरोध किया और पुलिस में रिपोर्ट लिखाने गये तो हमारा रिपोर्ट नहीं लिखा गया , हमने जिन लोगों को विधान सभा, लोक सभा में पहुॅचाया वे लोग हमारे बारे में ध्यान नहीं देते, कंपनी को यहॉ नहीं बैठने देना चाहिए, हमारा जीवन नष्ट हो जायेगा, यहॉ का हाथी, भालू, जंगली जानवर हमको नुकसान पहुॅचाते हैं, वो हमको मंजूर है, यहॉ नरकालो जंगल और अन्य जंगल को काट रहे हैं, जिससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, आज हमारा रिपोर्ट नहीं लिखा जा रहा है जब कंपनी बैठ जायेगा तो हमको गोली मार दिया जायेगा, कंपनी के खुलने से हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो जायेगा, इनकी तुलना अंग्रेज से करते हैं, ये लोग विदेशी शासन से जुड़े हैं, 735 लोगों को रोजगार देने की बात कही गई है। मैं इस कंपनी का विरोध करता हूॅ।

14. ए. सी. खलखो, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूॅ। मैने भी रिपोर्ट का अध्ययन किया है बहुत सारी जो बाते हैं गलत हैं, बफर जोन में बहुत सारे चीजों को नहीं दर्शाया गया है, हमने स्वयं एतिहासिक स्थलों के बारे में नहीं दर्शाया गया है। खनन से यहॉ पर पर्यावरण पर दूरगामी परिणाम पड़ेगा, डी.बी. सिटी, भोपाल में जाकर व्यापार करे, हमारे धर्मजयगढ़ को छोड़ दें। धर्मजयगढ़ में शान्ति व्यवस्था रहने दें। मैं भरपूर विरोध करता हूॅ।

15. छोटन चंद मंडल, बायसी कालोनी – हम पाकिस्तान से माईग्रेसन करके इण्डिया में आये थे, उस समय हम सरकारी मदद से हमको यहॉ बसाया गया था, आज 2011 का सन चल रहा है, हमको बायसी कालोनी में बसाया गया था, सरकार ने हमको पानी पीने के लिये गिलास और खाना खाने के लिये थाली भी दिया था, आज हम यहॉ काम करके फसल उगाते हैं और अपना जीवन यापन कर रहे हैं, हम अपना जमीन किसी भी कीमत पर बेचेंगे भी नहीं और देंगे भी नहीं, हम सरकार से अनुरोध करते हैं, सरकार हमारे ऊपर ध्यान दे और हम पर कृपा करे।

16. लखन मिस्त्री, मेंढरमार – हम लोग अपना जमीन नहीं देंगे, हमारे जमीन को बचाओ। हम बांग्लादेश से आये थे, सरकार हमको खिला पिला रही है।

17. विनय कुमार पाल, हाथीगढ़ा – हमारा धर्मजयगढ़ का पर्यावरण, यहॉ की वन भूमि, यहॉ की उपजाऊ भूमि और यहॉ का पर्यावरण बहुत ही स्वच्छ है, यह मेरी मातृभूमि है, मैं इसकी रक्षा के लिये जी. तोड़ मेहनत करुंगा, इसके वन में बहुत सारे आंवला, हर्रा, कत्था और बहुत सारे जड़ी बूटी हैं जो मानव के लिये बहुत उपयोगी है। ये जो दलाल और रावण के रुप में उद्योगपति बैठे हैं वे रुपये को खाकर बता दें तो हम अपना जमीन दे देंगे। यहॉ पर सब्जी और अनाज का उत्पादन होता है, इस

अनाज के लिये कंपनी ने क्या तर्क दिया है, क्या शासन यही चाहता है कि पैसा ही सबकुछ है, यहॉ अन्न उत्पादन होता है जो जशपुर, रायगढ़ कोरबा और अन्य जगह में जाता है, यहॉ के पर्यावरण की रक्षा करना हमारा धर्म है, इसलिये इस कोल ब्लाक का मैं विरोध करता हूॅ।

18. चारुबाला, मेंढरमार – जमीन चाहिए, हम अपना जमीन नहीं देंगे।
19. संध्या मंडल, मेंढरमार –हम जमीन नहीं देना चाहते।
20. भानू, मेंढरमार – हम अपना जमीन नहीं देंगे।
21. सुमित्रा सरकार, मेंढरमार – हम अपना जमीन नहीं देना चाहते, कंपनी यहॉ से चली जाये।
22. विशाखा मंडल, मेंढरमार –हम अपना जमीन नहीं देना चाहते ।
23. देवी मंडल, मेंढरमार – हम जमीन नहीं देंगे।
24. सृष्टि मंडल, मेंढरमार – हम अपना जमीन नही देंगे।
25. सरस्वती, मेंढरमार कालोनी – जमीन नहीं देना चाहते ।
26. कृष्णा विश्वास, मेंढरमार – जमीन नहीं देना चाहते ।
27. झरना सरकार, मेंढरमार कालोनी – हम अपना जमीन नहीं देना चाहते ।
28. बसंती प्रधान, मेंढरमार – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, हमने पढ़ा है छ.ग. धान का कटोरा है वह कोयले का ढेर बन जायेगा, मैं कंपनी का विरोध करती हूॅ।
29. हेलेना कुजूर, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर को भगाना चाहती हूॅ, मैं कंपनी का विरोध करती हूॅ।
30. मटिल्दा तिर्की, पतरापारा– कोयला खदान के कारण जमीन का जल स्तर नीचे चला जायेगा, जिससे बहुत समस्या होगा, इसलिये कंपनी का विरोध करती हूॅ।
31. सारंगी, मिंज, पतरापारा – मैं इस कंपनी का पूरा विरोध करती हूॅ। कोयला उत्खनन के लिये छोटे–बड़े जंगलों को काटा जायेगा, जिससे हाथी और अन्य जीव प्रभावित होंगे, इससे शहर वालो को भारी क्षति होगी, कंपनी के ई. आई. ए. में हाथी का न होना बताया गया है। इसलिये मैं विरोध करती हूॅ।
32. उर्मिला लकड़ा, पतरापारा – मैं इस डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, यहॉ खनन से धार्मिक और पुरातात्विक क्षेत्र पर प्रभाव पड़ेगा। धर्मजयगढ़ पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।
33. मर्यानुस एक्का, पतरापारा – डी. बी. पॉवर के द्वारा अगर यहॉ खदान खोला जायेगा तो जल, जंगल, और पानी प्रदूषित हो जायेगा, इसलिये मैं इसका विरोध करता हूॅ, यदि यहॉ 140 फीट से कोयला खोदाना चालू होगा और 600 फीट तक खोदा जायेगा तो हमारा जो कुंआ जहॉ 20–40 फीट में पानी आता है वह सूख जायेगा, इस प्रकार हम पानी प्यास से मर जायेंगे इसलिये मैं कंपनी का विरोध करता हूॅ।
34. रंजीत केरकेट्टा, पतरापारा – मेसर्स डी. बी. पॉवर के पर्यावरणीय स्वीकृति का मैं विरोध करता हूॅ, ग्राम सुराज के तहत् हमें यह नारा दिया गया था, कि जल, जंगल जमीन आपका है, तो आज यह डी. बी. पॉवर कहॉ से आ गया जो हमसे जमीन को छीन रहा है। यहॉ अनेक प्रकार के जीव जंतु निवास करते हैं, ये सारे जीव जंतु के लिये पानी कहॉ से आयेगा, यहॉ रहने वाले मुनष्य और जीव जंतुओं के लिये सोचने की बात है। सब लोग खुश रहें, और हंसते रहें, कंपनी के आने से जो चिंता हो रही है, यह जल, जंगल, जमीन हमारा है हम इसको नहीं देंगे, मैं विरोध करता हूॅ।
35. प्रवीण श्रीवास्तव, धर्मजयगढ़ – कल की मीटिंग में सभी लोगों ने यह कहा था, कि जन सुनवाई शान्ति पूर्ण माहौल में होगा,फिर वे बाहर से लोगों को ट्रक में भरकर यहॉ से क्यों लाये हैं ? हमारे एस. पी. महोदय कह रहे हैं कि रायगढ़ जिले का

कोई भी आदमी आ सकता है, उनके पास कोई आई कार्ड है, जब जिंदल आया था तो छोटे जगह में था,आज रायगढ़ को छू रहा है, आज ये कंपनी के लोग यहॉ काम कर रहे हैं, कल कहीं और चले जायेंगे, तो फिर उस कागज का क्या महत्व रहेगा ? जो इन्होंने लिख कर दिया है, दो चार जूते और मेडिकल कैंप लगाकर लोगों को खरीदना चाहते हैं, बाहर से लोग बुलाकर समर्थन करवाया जा रहा है मैं इसका विरोध करता हूँ।

36. प्रदीप तिग्गा, धर्मजयगढ़ – जो ई. आई. ए. रिपोर्ट है उसमें बहुत सारी गलती है, जो 350 हेक्टेयर छोड़ने की बात है , उसको इसमें सुधार नहीं सकते थे, यहॉ के लोग बहुत शान्ति से जी रहे थे, यहॉ अशान्ति फैलाने आ गये हैं, आज ये जूता, चप्पल और थैला बांट रहे हैं, क्या यह गलत नहीं है, बाद में भी तो बांट सकते थे। मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूँ, क्योंकि यहॉ जल, ध्वनि, मृदा और वायु प्रदूषण होगा, लोगों की दीवार में दरार हो जायेंगे। पेड़ पौधे, जंगल और मानव जाति के रक्षा के लिये मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूँ।

37. बेनेडिक टोप्पो, पतरापारा – डी बी पॉवर के जो कोयला उत्खनन के लिये जो जन सुनवाई हो रहा है मैं इस जन सुनवाई का विरोध करता हूँ। आज यहॉ जन सुनवाई हो रहा है आज जितने भी कोयला खदान से उठेंगे क्या वो इसको रोक सकेंगे अगर नहीं रोक सकते तो यथा शीघ्र वापस चले जायें । जब भोपाल में यूनियन कार्बाइट गैस लीकेज हुआ था तो हवा को रोक नहीं पाये यहॉ भी हवा को रोक नहीं पायेंगे। हमारे जीवन से खिलवाड़ नहीं किया जाये, जैसे ही यहॉ 600–700 फूट खोदा जायेगा तो हमें पानी नहीं मिलेगा, कितना बिजली का उत्पादन छ.ग. में किया जायेगा। यहॉ पर हाथी रहते हैं, उसकी जानकारी नहीं दी गई है। हाथी के द्वारा कितने घरों को गिराते देखा हूँ। यहॉ पर प्रदूषण होगा उसको कोई नहीं रोक सकेगा। यहॉ जो भी विस्फोट होगा उसको हमको भुगतना पड़ेगा, यहॉ कितने शिक्षित लोग हैं उसको भी छिपाया गया है, यहॉ पर धार्मिक स्थल, पुरातात्विक स्थल है उसके बारे में नहीं बताया गया है। हम आपको नहीं चाहते आप यहॉ से चले जाइये।

38. अन्ना मिंज, धर्मजयगढ़ – मैं इनका विरोध करती हूँ क्योंकि प्रदूषण होगा, स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, निवास करने वाले जीव जंतु नष्ट हो जायेंगे, हमारे ऊपर ही नही पूरे धर्मजयगढ़ पर इसका प्रभाव पड़ेगा इसलिये मैं इनका विरोध करती हूँ।

39. फिलोनिमा, भेंगरा, पतरापारा – यहॉ खनन करने से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, यहॉ स्वास्थ्य केन्द्र है जहां लोग ईलाज करवा रहे हैं, धार्मिक और पुरातात्विक स्थल पर प्रभाव पड़ेगा इसलिये मैं इसका विरोध करती हूँ।

40. स्वर्णलता खलाखो, बेहरापारा – कोयला खनन से सम्पूर्ण धर्मजयगढ़ पर प्रभाव पड़ेगा, पर्यावरण पर प्रभाव पड़ेगा, लोगों के स्वास्थ्य को बचाने के लिये जन सुनवाई को निरस्त किया जाये।

41. अस्वनी एक्का, बेहरापारा – मैं डी. बी. पावर का विरोध करती हूँ।

42. कु. किर्ति विद्या कुजूर, बेहरापारा – मैं कंपनी का विरोध करती हूँ।

43. आभा एक्का, वार्ड क्र. 9, धर्मजयगढ़ – मैं इस कंपनी के मालिक का नाम जानना चाहती हूँ। जो मैनेजर है वे अपने मालिक को बोल दें कि हम जमीन को नहीं देंगे, जब हमारा घर टूट जायेगा तो कैमरा लेकर आयेंगे क्या ? हमारे धर्मजयगढ़ में स्कूल है, चर्च है, मंदिर है मस्जिद है उसके बारे में नही सोचा है हमारे बच्चे कहॉ पढ़ने जायेंगे ? कंपनी के लोग कहते हैं कि यहॉ पढे–लिखे नहीं है बाहर के लोगों

को काम करने लायेंगे। हम कंपनी से विनम्र अनुरोध करते हैं कि वे वापस चले जायें , हम एक एकड़ भी जमीन नहीं देंगे। वो कहते हैं हमे पैर रखने के लिये जमीन दे दो, हमारी जमीन है हम क्यों उनको देंगे। गांधी जी ने कहा है जियो और जीने दो।

44. किशोरी कुजूर, पतरापारा – डी. बी. पॉवर का मैं विरोध करती हूॅ। क्योंकि इससे प्रदूषण होगा, हमारे शरीर में परिवर्तन हो जायेगा इसलिये मैं विरोध करती हूॅ।
45. लिलि एक्का, पतरापारा – धर्मजयगढ़ का वातावरण, गिरिजाघर, मंदिर प्रदूषित हो जायेगे मैं इसका विरोध करती हूॅ।
46. कांति मिंज, पतरापारा – मैं यहॉ के लोक सुनवाई का विरोध करती हूॅ, यहॉ स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्कूल है, उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, स्वाथ्य केन्द्र में हजारों लोग ईलाज करा रहे हैं, पुरातात्विक क्षेत्र अंबेटिकरा और ईसाईयों का विशाल चर्च है, उस पर प्रभाव पड़ेगा, नगर पंचायत में ईसाईयों और मुसलमानों का कब्रीस्तान है. ई. आई. ए. में उसको नहीं बताया गया है, इसपर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।
47. प्रसन्न कुजूर, धर्मजयगढ़ – यहॉ पर स्थित, मंदिर, गिरीजाघर और मस्जिद हैं, उस पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये इस कोयला खदान का विरोध करती हूॅ।
48. अनुरजनी खलखो, पतरपारा – लोक सुनवाई का विरोध कर आपत्ति दर्ज करती हूॅ।, खनन से ध्वनि प्रदूषण होगा, यहॉ के स्कूल हैं जहॉ बहुत सारे विद्यार्थी पढ़ते हैं उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये इसका विरोध करती हूॅ।
49. विरांजो तिर्की, धर्मजयगढ़ – मैं यहॉ के लोक सुनवाई का विरोध करती हूॅ, यहॉ स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्कूल है, उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, स्वाथ्य केन्द्र में हजारों लोग ईलाज करा रहे हैं, पुरातात्विक क्षेत्र अंबेटिकरा और ईसाईयों का विशाल चर्च है, उस पर प्रभाव पड़ेगा, नगर पंचायत में ईसाईयों और मुसलमानों का कब्रीस्तान है। खनन से प्रदूषण होगा।
50. रेजिना लकड़ा, पतरापारा – खनन के कारण पर्यावरण प्रदूषण होगा, ध्वनि, जल और वायु प्रदूषण होगा इसलिये मैं कंपनी का विरोध करती हूॅ।
51. संध्या बसक, मेंढरमार – जमीन नहीं देंगे।
52. सविता कुजूर, पतरापारा – डी. बी. पॉवर ग्रुप का विरोध करती हूॅ, पर्यावरण प्रदूषण होगा, और लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये विरोध करती हूॅ।
53. अलमा कुजूर, पतरापारा – डी. बी. पॉवर ग्रुप का विरोध करती हूॅ, पर्यावरण प्रदूषण होगा, और लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये विरोध करती हूॅ।
54. प्रफुल्ला कुजूर, पतरापारा – मैं जन सुनवाई पर आपत्ति दर्ज करती हूॅ, क्योकि स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, सम्पूर्ण धर्मजयगढ़ पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।इसलिये विरोध करती हूॅ।
55. सेलिन लकड़ा, बेहरापारा – डी. बी. पॉवर ग्रुप का विरोध करती हूॅ, पर्यावरण प्रदूषण होगा, और लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये विरोध करती हूॅ।
56. लेखा कुजूर, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर ग्रुप का विरोध करती हूॅ, पर्यावरण प्रदूषण होगा, और लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये विरोध करती हूॅ।
57. सीपीएम, कुजूर, पतरापारा – डी. बी. पॉवर लिमिटेड के स्थापना का मैं विरोध करता हूॅ, मानव जीवन पर्यावरण के कारण सुरक्षित है, ये लोग यहॉ खनन करेंगे, यहॉ, जो हाथी, शेर है, उनके स्वतंत्र जीवन पर प्रभाव पड़ेगा, हम कंपनी नही चाहते यह कंपनी वापस जाये। कंपनी वायु प्रदूषण को नहीं रोक पायेगा, मानव अस्तित्व

समाप्त हो जायेगा, क्या ये लोग मशीन के द्वारा हवा उत्पन्न करके जी रहा है, पर्यावरण से हवा उत्पन्न होता है।

58. प्रदीप कुजूर, धर्मजयगढ़ – मैं. डी. बी. कंपनी का विरोध करता हूँ, कंपनी के आने से वायु प्रदूषण और धार्मिक स्थल प्रभावित होंगे, कंपनी के आने से विकास नहीं होगा, विनाश होगा।

59. सुधीर बड़ा, पतरापारा – हम आदिवासी हैं और यह धर्मजयगढ़ क्षेत्र आदिवासी बाहुल क्षेत्र है, जल, जंगल जमीन पर आदिवासियों का अधिकार है, डी. बी. पॉवर के आने से स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, धार्मिक जीवन और सामाजिक जीवन प्रभावित होगा, ई. आई. ए. रिपोर्ट में गलत जानकारी दी गई है। यहॉ चर्च मंदिर, मस्जिद के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए थी, आप के आने से जब यहॉ इतना उथल–पुथल हो रहा है जब आप आ जायेंगे तो क्या होगा।

60. जगत तिर्की , पतरापारा – इस डी.बी. पॉवर का आपत्ति दर्ज करता हूँ। प्रदूषण बढ़ेगा । ऐतिहासिक धार्मिक स्थल प्रभावित होगा।

61. आकाश तिग्गा , बेहरापारा – विरोध कर आापत्ति दर्ज करता हूँ।

62. लोकेन्द्र चौहान , बेहरापारा – पूरा धर्मजयगढ़ प्रभावित होगा । आपत्ति को पढ़ के सुनाया गया ।

63. रोहित तिर्की, बेहरापारा – ऐतिहासिक धार्मिक पुरातात्विक स्थल प्रभावित होगा।

64. अनुप प्रधान, पतरापारा – मेसर्स डी.बी.पावर का विरोध करता हूँ। क्योकि जल जमीन प्रभावित होगा।

65. अनील मधु, बायसी कॉलोनी – विरोध करता हूॅ।

66. इन्दु, पत्रकार, धर्मजयगढ़ – इस डी.बी. पॉवर के कोल उत्खनन से 14432 पेड़ काटे जायेंगे, 7775 छोटे पेड़ काटे जायेंगे, 365 हाथी,, 890 लकड़बघा, 970 हिरण, 2927 लोमड़ी, 3228 नेवले, 1890 गोहे, 157 बंदर, 1658 जंगली सुअर, 27895 गिलहरी सहित अनेक जानवरों की हत्या कर दी जायेगी, सांप के प्रजाती भी मारे जायेंगे, इनके कोल उत्खनन से हजारो गाड़ियॉ चलेंगे डीजल के जलने से वायु प्रदूषण होगा, आंखों और हृदय के रोग होंगे, जल प्रदूषण से लोगों में डायरिया, पेचिस जैसे अनेक रोग होंगे, जब 600 फीट की गहराई से कोयला निकालेंगे, तो यहॉ के कुएं और बोर सूख जायेंगे तो पीने का पानी कहॉ से आयेगा ? इस अंचल से डी. बी को भगाने में ही मानवता है। पुरखो के कब्र जो आपने पीढ़ियों से बनाये हैं उनको ये उखाड़ देंगे। अन्य राज्य के अपराधी यहॉ आयेंगे, जो चोरी, डकैती और बलात्कार करेंगे, ये आपके बच्चों को अपहरण कर करोड़ों की फिरौती मांगेगे, ये अंग्रेजों के वंशज हैं। धर्मजयगढ़ में शान्ति बने रहे डी. बी. नही ंचाहिए। हर व्यक्ति इसका विरोध करे। धर्मजयगढ़ का प्रसिद्ध चर्च, हमारे मुसलमान भाईयों का जो मस्जिद हैं, उनको तोड़ दिया जायेगा, सारे वार्ड को उखाड़ कर फेंक दिया जायेगा। धर्मजयगढ़ का अस्तित्व को समाप्त करने ये डी. बी. पॉवर वाले आये हैं, आपने 800 एकड़ छोड़ेंगे तो क्या 1000 एकड़ में जरे 69 मिलियन टन निकालने की बात है वह निकाल पायेंगे क्या ? आज कहते हैं कि गंदा पानी स्टोर नहीं करेंगे तो क्या उस पानी को बोतल में भरकर भोपाल भेंजेंगे। क्या डस्ट को पैकेट में भरकर भेजेंगे।

67. भगई सिंह, मेंढरमार – कंपनी को जमीन नहीं देना चाहते हैं।

68. सुन्दर बड़ा, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूॅ और कहता हूॅ कि वे यहॉ पर अपना अड्डा न जमायें।

69. जुलेता किस्पोटा, पतरापारा – पर्यावरण बचाओ, डी. बी. पॉवर को घोर विरोध करती हूॅ।
70. इमिल्या तिर्की, बेहरापारा – डी. बी. पॉवर लिमिटेड के लोक सुनवाई का विरोध कर आपत्ति दर्ज करती हूॅ, प्रदूषण बढ़ेगा, स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, पुरातात्विक क्षेत्र पर प्रभाव पड़ेगा, प्रदूषण के कारण जीने में परेशानी होगी, सांस लेने में परेशानी होगी, इसलिये डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ।
71. बसंती कुजूर, पतरापारा – डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ।
72. शीला खलखो, पतरापारा – डी. बी. पॉवर का घोर विरोध करती हूॅ। डी.बी. पॉवर को यहॉ अड्डा न दिया जाये, प्रदूषण बढ़ेगा।
73. कमला एक्का, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, क्योंकि विभिन्न प्रकार का प्रदूषण होगा, लोगों की जीवन प्रभावित होगा।
74. इमिल्या टोप्पो, पतरापारा – डी. बी. पॉवर का जो जन सुनवाई हो रहा है उसका विरोध करती हूॅ, सब को मालूम है कि इस उत्खनन से मानव जीवन के स्वास्थ्य पर बहुत विपत्ति होगा। आज लोग जानबूझकर सीधी–साधी जनता से आप लोग परिचित नहीं है, यहॉ जनता पर्यावरण में बहुत आनंद से रहती है, आप लोगों के आने से उदासी आयी है, उनका दर्द बढ़ा है, महिला भी पुरुषों के सामान आगे आकर अपना दर्द बता सकते हैं, यहॉ कंपनी के द्वारा कहा जा रहा है कि पेड़ लगायेंगे क्या एक महीने में पेड़ बन जायेंगे आप पर्यावरण नहीं बना सकते, आप अस्पताल बनायेगे कहते हैं, इन अस्पतालों के बनने में कितने साल लगे हैं, तो ये कितने दिन में बनेंगे। प्रलोभन दे रहे हैं, जूता, चप्पल बांट रहे हैं, पैसा दे रहे हैं, फिर हम आप पर कैसे विश्वास करेंगे। यहॉ के जनता सीधी है, लड़ाई झगड़ा नहीं करना जानते। आप लोग हमको भ्रम में डाल रहे हैं, इसलिये मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, जियो और सबको जीने दो। आप लोग यहॉ से चले जायेंगे तो हमको शान्ति मिलेगी। हम लोग आनंद से जी रहे हैं। भाईयों आप लोग प्रलोभन में न आयें। मैं इसका घोर विरोध करती हूॅ।
75. किसकिना तिर्की, धर्मजयगढ़ – आबंटित कोल ब्लाक का विरोध करती हूॅ। क्योंकि पर्यावरण पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।
76. विणा विश्वास, बीडीसी, जनपद पंचायत, धर्मजयगढ़ – जिस ई. आई. ए. के आधार पर जन सुनवाई हो रही है वह भ्रामक है, तथ्यों को छुपाया गया है, इसलिये जन सुनवाई को निरस्त किया जाये, कोल ब्लाक के खुलने से ध्वनि, जल, एवं वायु प्रदूषण होगा, नगर पंचायत को छोड़ा जाना बताया गया है तो क्या ग्राम पंचायत में लोग निवास नहीं करते उसे भी छोड़ा जाये। खेती योग्य भूमि बंजर हो जायेगा, इसलिये मैं मांग करती हूॅ कि इस उद्योग को पर्यावरणीय स्वीकृति न दी जाये।
77. अंकिता तिग्गा, पतरापारा – मैं इस डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, क्योंकि इसके खुलने से पर्यावरण को प्रभाव पड़ेगा और धार्मिक स्थल नष्ट हो जायेगा।
78. अंजली तिर्की, पतरापारा – मैं डी. बी. कंपनी का विरोध करती हूॅ। स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा, लोग बीमार पड़ेंगे।
79. तारा खलखो, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, क्योंकि धार्मिक स्थल पर प्रभाव पड़ेगा।
80. कमला लकड़ा, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, क्योंकि धार्मिक स्थल पर प्रभाव पड़ेगा।

81. रामवति, पतरापारा – मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करती हूॅ, क्योंकि धार्मिक स्थल पर प्रभाव पड़ेगा।
82. पियुस मिंज, पतरापारा – मै. कंम्पनी का विरोध करता हूॅ। धार्मिक स्थलों पर प्रभाव पड़ेगा इस कारण विरोध करता हूॅ।
83. राकेश कुमार तिर्की, धरमजयगढ़ – लोकसुनवाई का विरोध करता हूॅ। धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थलों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।
84. नितिन लकड़ा, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
85. सुरज तिर्की , पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
86. अरविंद एक्का, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
87. रोहित तिर्की, नया पतरापारा – यहां खनन से ध्वनि प्रदूषण होगा , डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
88. अनुरंजन एक्का, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। जब हमसे विश्वासघात करता है, हमारे धर्मजयगढ़ में बहुत सारे पेड़ हैं उनके बारे में नहीं बताया गया है, जबकि वे पेड़ यहॉ हैं।
89. फ्रांसीस एक्का, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ और आपत्ति दर्ज करता हॅ, खनन से ध्वनि प्रदूषण होगा, स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।
90. गनायुस एक्का, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
91. उमेश सिंह, पतरापारा – मैं डी. बी. ग्रुप का विरोध करता हूॅ।
92. पंकज तिग्गा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का घोर विरोध करता हूॅ।
93. सुलेमान बरवा, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। समस्त पर्यावरण पर प्रदूषण होगा।
94. रघुवीर प्रधान, एकता परिषद, रायगढ़ – कल जो त्रिपक्षीय वार्ता है उसमें जो बातें हुई है, उसके आधार पर पुनः ई. आई. ए. बनना है फिर से जन सुनवाई करवाया जायेगा तो फिर इस जन सुनवाई का क्या महत्व है ? धर्मजयगढ़ एरिया में ही 19 मिलियन टन सी ग्रेड का कोयला है, तो फिर उस क्षेत्र को कैसे छोड़ा जायेगा। अगली बार जन सुनवाई से पहले जो स्वीकृति देते हैं उनके प्रतिनिधि यहॉ आयें और यहॉ की स्थिति देखें। हम राईटिंग में भी लिख कर जमा कर रहे हैं हमें पता है कि उस पर विचार नहीं किया जायेगा, यहॉ और 23 माईन आने वाले हैं उसके बारे में ई. आई. ए. में जानकारी नहीं दिया गया है।
95. माईकल एक्का, धर्मजयगढ़ – मेसर्स डी. बी. पॉवर कोल ब्लाक के लोक सुनवाई का विरोध कर आपत्ति दर्ज करता हूॅ क्योंकि इससे ध्वनि प्रदूषण होगा, पुरातात्विक क्षेत्र प्रभावित होगा, और धर्मजयगढ़ पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।
96. अजय एक्का, पतरापारा– मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
97. अजय टोप्पो, पतरापारा – डी.बी. पावर का घोर विरोध करता हूॅ।
98. जलसाय तिर्की, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का घोर विरोध करता हूॅ।
99. अनिस एक्का, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का घनघोर विरोध करता हूॅ।
100. जेनेदियुस लकड़ा, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
101. विश्वनाथ, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
102. सामवेल कुजूर, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
103. डी. के. एक्का, संतोष नगर, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।

104. एक्रेम मिंज,संतोष नगर, धर्मजयगढ़ – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। क्योंकि जब हम खदान की बात करते हैं तो पर्यावरण से खिलवाड़ करते हैं, हम पर्यावरण को बिगाड़ कर जी नहीं सकते। इसलिये मैं इसका विरोध करता हूॅ।
105. रिंमजुमूस, तिर्की, लक्ष्मीपुर – ये जितने भी घर है कच्चे है लकड़ी से बने हैं, कंपनी के बनने से कोयले के घर बनाये जायेंगे। पर्यावरण प्रदूषण के कारण हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, इसलिये मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
106. दिनेश खलखो, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
107. अभय कुमार कुजूर, पतरापारा – डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
108. निलेश केरकेट्टा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
109. राजू अग्रवाल, धर्मजयगढ़ – डी. बी. पॉवर के आने से धर्मजयगढ़ को नुकसान होगा इसलिये मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
110. त्रिलोक सोनी, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
111. ठाकुर राय, मेंढरमार कालोनी – कंपनी का विरोध करता हूॅ।
112. सेमिना लकड़ा, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ क्योंकि जब ट्रक चलेंगे तो प्रदूषण होगा, हमारी पढ़ाई में व्यवधान होगा।
113. पारुल मंडल, मेंढरमार – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
114. नील कुसूम, किस्पोट्टा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ क्योंकि हमारे पुरातात्विक तत्वों को हानि होगी, प्रदूषण होगा।
115. मुक्तिलता एक्का, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
116. प्रिजिट कुल्लू, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि पर्यावरण प्रदूषण होगा, और स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा।
117. नयनतार, मेंढरमार – जमीन नहीं देंगे।
118. नीला, मेंढरमार – कंपनी नहीं चाहिए।
119. रीनाराय, हाथीगड़ा – कंपनी को जमीन नहीं देंगे।
120. जलीमा, मेंढरमार – हमलोग जमीन नहीं देंगे।
121. फिरदा तिर्की, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
122. सावित्री मंडल, मेंढरमार – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। मेरे बाल बच्चों के लिये जमीन नहीं बचेगा।
123. सविता रानी मंडल, मेंढरमार – जब हमारे बच्चे छोटे थे, तो कंपनी ने हमको सहारा नहीं दिया आज हमने बहुत मेहनत करके जमीन बनाया है। हम अपना जमीन नहीं देंगे।
124. सविता हलधर, मेंढरमार – हम जमीन नहीं देंगे।
125. मंजू राय, मेंढरमार – जमीन नहीं देंगे।
126. पीला बाई, बेहरापारा – अपना जमीन को नहीं छोड़ेंगे।
127. शनिमति, बीजापथरा – हम जमीन नहीं देंगे।, हमारे छोटे बच्चे हैं हम कहॉ जायेंगे?
128. विमला, बेहरापारा – जमीन नहीं देंगे।
129. पंचो बाई, बीजापतरापारा – हम जमीन नहीं देंगे, हम सोना चांदी नहीं खाते, हम अपने बच्चों को कहॉ लेकर जायेंगें ?
130. धनकुंवर, बीजापतरा – हम जमीन नहीं देंगे।
131. जलेबी बाई एक्का, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि इसका पर्यावरण पर प्रभाव पड़ेगा।

132. अगुतीना कुजूर, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि इसके आने से पर्यावरण में भारी प्रदूषण होगा।
133. पुतजी बाई, संतोष नगर – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि यहॉ का पर्यावरण बरबाद नहीं करना है। हमारे पास जो आम, नींबू, महुआ के पेड़ हैं, उनका क्या देंगे, हमारे बच्चे उससे जीयेंगे, खायेंगे क्या वह पर्यावरण बनायेंगे, बैट, बाल दे रहे हैं लेकिन क्रिकेट कहॉ खेलेंगे जब जमीन को ले रहें हैं, क्या हम अपने बच्चों को चप्पल खरीद कर नहीं दे सकते, दूध मांगोगे खीर देंगे, धर्मजयगढ़ मांगोगे, चीर देंगे।
134. अमिता तिर्की, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि प्रदूषण होगा, ऐतिहासिक महत्व के स्थल पर प्रभाव पड़ेगा।
135. फूलजिसिया सीमा, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
136. मयंक कुमार टोप्पो, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। खदान के आने से प्रदूषण होगा, जिससे हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ेगा, इससे धर्मजयगढ़ पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा।
137. सतीश लकड़ा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। धर्मजयगढ़ के माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।
138. संतोष कुमार, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
139. विवेक कुजूर, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। क्योंकि इससे पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। अगर हम खेती नहीं करेंगे तो क्या कोयला खायेंगे?
140. संयज कुजूर, पतरापारा – जब यहॉ कोयला खोदा जायेगा तो हमारा बहुत नुकसान होगा, हमारे पूर्वज इस जमीन को उपजाऊ बनाकर उस पर खेती करते आये हैं, यहॉ पर खनन करने से यहॉ कुछ भी नहीं होगा।
141. कमल मंडल, मेंढरमार – मैं डी.बी. पावर का घोर विरोध करता हूॅ। कुछ बच्चों को भगा दिया गया क्या वे लोग अपने हक के लिये नहीं लड़ सकते ? स्कूल टूट जायेगा, उनका शिक्षा छूट जायेगी और वे बेकार हो जायेंगे। तो उनके बारे में नहीं सोचा जा रहा है। मैं इस कंपनी का घोर विरोध करता हूॅ
142. विश्वानाथ डनसेना, पतरापारा – कंपनी के खुलने से यहॉ वायु प्रदूषण होगा, अंबेटिकरा और गिरजाघर को यहॉ के नक्शा से मिटाया जा रहा है। इसका मैं विरोध करता हूॅ और पर्यावरण को समाप्त होने से बचाने के लिये महोदय से निवेदन करता हूॅ।
143. विजय कुमार, बायसी कालोनी – अगर डी. बी. कंपनी आती है तो हमारे जल, जंगल, जमीन नष्ट हो जायेगा। कंपनी कहती है कि विकास होगा, वह विकास ही क्या , जिससे प्रदूषण हो।
144. त्रिलोचन प्रधान, दरोड़ी – डी बी पॉवर को यहॉ आने नही देना चाहिए, सरकार से निवेदन है।
145. मोहित राम, कोधा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
146. महेन्द्र सिंह, कोधा – हमारा जंगल बहुत बड़ा है, उसमें कितने जीव–जंतु हैं, कितने लोग हैं, उसको देख कर आयें । एक लकड़ी काटने पर केस बनाता है और इतना बड़ा जंगल जब कंपनी काटेगा तो सरकार क्या करेगी। हमारे 17–18 गांव को निकालना चाहता है। सरकार उसको रोक नहीं सकता है।
147. अनिल राय, मेंढरमार – हम अपने जमीन को नहीं देना चाहते हैं।

148. सृजल कुमार, बायसी कालोनी – ई. आई. ए. रिपोर्ट को जो खुलासा हुआ है। दो दिन पहले हमारे गांव के किसान के 60 एकड़ के फसल को हाथी ने नुकसान पहुॅचाया है। हमारे जो रमन सरकार है वो 2656 करोड़ खेती के लिये बजट में लाये हैं। हम नहीं चाहते हमारे किसान शहीद हो जाये। मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूॅ।
149. फ्रांसिक्का कुजूर, धर्मजयगढ़ – मैं कंपनी को भगाना चाहता हूॅ क्योकि जो बच्चे हैं उनको झूठ बोलकर ये यहॉ बस रहे हैं, अगर कंपनी भगा देगा तो बच्चे कहॉ खेलेंगे। कंपनी को भगा दीजिये कंपनी का विरोध करती हूॅ।
150. अनस्तिसिय कुजूर, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
151. पारुल, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
152. रुबी विश्वास, मेंढरमार – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
153. अश्वनी घोष मेंढरमार – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
154. लेबूरानी मंडल, बायसी कालोनी – जमीन नहीं देना चाहते है।
155. मीरा बाई, क्रोधा – जमीन नहीं देना चाहते है।
156. मनियारो बाई, क्रोंधा – हमारा जमीन खराब हो जायेगा, हम जमीन नहीं देना चाहते।
157. रेजिना कौशिक – मंदिर मस्जिद नष्ट हो जायेंगे,हम अपना हक मांगते हैं, मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
158. फूल बाई, क्रोंधा – हमारा जमीन बचाओ, हम जमीन नहीं देना चाहते हैं।
159. कुसंती, क्रोधा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
160. लुनिया कुजूर, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। क्योंकि इससे प्रदूषण होगा।
161. अन्सुमाला किन्डो, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
162. रविन्द्र मंडल, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। क्योंकि इनको जो जमीन आबंटित की गई है, वो खेती युक्त उपजाऊ जमीन है, उसमें साल भर साग सब्जी होते हैं, यहॉ के किसान, उस पर खेती कर अपना जीवन अच्छे से बिता रहे हैं, यहॉ हर साल करोड़ो रुपये का तेंदू पत्ता का संग्रहण होता है, जो समाप्त हो जायेगा, जंगल में बहुत ही कीमती लकड़ियां हैं, साथ ही महुआ से बहुत आमदनी होती है। खदान खुलने से समस्त किसान बेरोजगार हो जायेंगे, प्रदूषण बढ़ेगा, यहॉ हाथी है, जंगली जानवरी प्रभावित हो जायेंगे। वनौषधी भी यहॉ पाये जाते हैं, वे सब बर्बाद हो जायेगी। धर्मजयगढ़ में पुरातात्विक क्षेत्र और विभिन्न मंदिर हैं वे नष्ट हो जायेंगे, प्रशिक्षण केन्द्र हैं वे भी बर्बाद हो जायेंगे। इतने सारे बर्बादी न हो इसके लिये इस जन सुनवाई को निरस्त किया जाये।
163. संजय कुमार डे, धर्मजयगढ़ कालोनी – यह क्षेत्र अंधकारमय हो जायेगा, धर्मजयगढ़ में एक मेगावॉट का विद्युत सब स्टेशन है। खदान के लिये यहॉ विस्फोटक भण्डारित किया जायेगा, उत्खनन पूर्व मिट्टी जो खोदा जायेगा, उससे आस–पास के लोग धूल खाने के लिये मजबूर हो जायेंगे। खदान क्षेत्र पूरा नगर पंचायत क्षेत्र में है, जिससे नगर पंचायत नष्ट हो जायेगा, उद्योग समूह के द्वारा कहा गया है कि 350 एकड़ जमीन छोड़ना बताया है, जबकि उक्त क्षेत्र के नीचे सी ग्रेड का कोयला है, जिसकी मात्रा 52 मिलियन टन है। भूमि हड़पने की यह एक साजिस है। कंपनी 150 करोड़ रुपये खर्च करके क्या कंपनी केवल एफ और जी ग्रेड कोयले का उत्खन करेगा। नगर पंचायत में कोयला उत्खनन नहीं करने की जो शपथ पत्र दी

गई है, जिसमें से कंपनी ने विभिन्न डम्प यार्ड बनाया जाना है। स्थानीय लोगों को गुमराह किया जा रहा है। प्रस्तावित क्षेत्र में 5 प्रतिशत शासकीय क्षेत्र और कुछ छोटे झाड़ के जंगल है। कंपनी द्वारा विस्थापित करके सागरपुर में बसाया जाना बताया गया है, जो भयंकर हाथी प्रभावित क्षेत्र है, अभी कुछ दिन पूर्व ही वहॉ हाथी का हमला हुआ है। कंपनी के द्वारा जो व्यक्ति मकान नहीं लेना चाहता उनको 75 हजार रुपये और जानवरों के लिये 10 हजार रुपये दिया जाना बताया गया है। स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जायेगा। मैं डी. बी. पावर का विरोध करता हूॅ।

164. दूबराज सिंह, क्रोधा – हम जमीन नहीं देंगे।
165. राजेश कुमार, क्रोधा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
166. संजीव भगत, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ।
167. आनंद कुमार, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। कंपनी का जो बेनर टंगा है उसमें डी. बी. पॉवर, धर्मजयगढ़ लिखा है, उसको हटाया जाये। डी. बी. पॉवर के द्वारा जो निर्णय लिया गया है उससे पर्यावरण को भारी नुकसान होगा।
168. अमृत तिर्की, धर्मजयगढ़ – आपके पीछे जो बोर्ड लगा है उसको हटाया जाये। हमको गुमराह किया जा रहा है।

    कंपनी प्रतिनिधि द्वारा शपथ पत्र को पढ़ा गया कि डी. बी. पॉवर माईनिंग धर्मजयगढ़ नगर पंचायत एरिया में नहीं करेंगे और पाण्ड को भी अपने माईनिंग लीज एरिया में ले जायेंगे।

169. रविन्द्र बघेल, खरसिया – डी. बी. पॉवर के कारण प्रदूषण होगा, इसलिये पूरा यूथ कांग्रेस घोर विरोध दर्ज कराती है। जो 350 एकड़ जमीन कंपनी ने छोड़ने की बात कही है उसका नक्शा पास करवाया जाये और उसके बाद जन सुनवाई करवाई जाये। पुर्नवास के बारे में सरकार या कंपनी के द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। जन सुनवाई के पूर्व इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। यह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, यहॉ पर उनको मूल अधिकारों से अलग किया जा रहा है, आदिवासियों को कहीं भी विस्थापित न किया जाये। यह हाथी बाहुल्य क्षेत्र है, जिस पर शोध किया जा रहा है, फिर कोल माईन हेतु इस क्षेत्र को कैसे आबंटित किया जा सकता है। हाथियों का उत्पात और अधिक होगा तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा ? लात खदान में पहले से कोई खदान चल रहा है वहॉ पूरी हरियाली खत्म हो चुकी है, वहॉ एक मिनट सायकल में जाकर देखिये, वहॉ आपके मुंह काला हो जायेगा, तो क्या धर्मजयगढ़ के लोगों का भी मुंह काला करना चाहते हैं ? पॉवर प्लांट के लिये कोयला जा रहा है। जब किसानों का जमीन जाता है तो क्या इनका फर्ज नहीं है कि उन किसानों को मुफ्त बिजली दिया जाये, कितने प्लांट के द्वारा किसानों को मुफ्त बिजली आबंटित किया गया है। ये जो नगर पंचायत क्षेत्र में खनन नहीं करने की बात कहीं गई है वह कितने दिनों के लिये कहा गया है। क्या हमेशा के लिये कहा गया है। महानदी का कितना पानी लेंगे ? इसके बारे में नहीं बताया है। वॉटर लेबल पहले से गिरा हुआ है। रोजगार के संबंध जिले के लोगों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। रोजगार कार्यालय के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये।
170. विजय कुमार शर्मा, रायगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करता हूॅ। इस क्षेत्र में जो कोयले की कालिख पुतेगी उसका आंकलन नहीं किया गया है, यहॉ के पर्यावरण

और यहॉ के लोगों को बचाने के लिये मैं डी. बी. पॉवर का विरोध करता हूॅ, यहॉ के लोग जब आये थे, तो यहॉ कुछ नहीं था, आज इन लोगों ने यहॉ इस जगह को बनाया है तो उनको यहॉ से भगाया जा रहा है। कविता पढ़ कर सुनाया गया।

171. मानमति, मेंढरमार – जमीन नही देंगे।
172. चन्दरमति, कोंधा – विरोध करती हूॅ।
173. रजमेत बाई, कोंधा – विरोध करती हूॅ।
174. सन्तकुमारी, कोंधा – जमीन नहीं देंगे।
175. पांचो बाई, कोंधा – हम जमीन नहीं देंगे।
176. धनमेत बाई, कोंधा – हम जमीन नहीं देंगे।
177. सोनमति, कोंधा – जमीन नहीं देंगे।
178. संतकुंवर, कोंधा – हम जमीन नहीं देंगे।
179. अंगोरा, कोंधा – जमीन नहीं देंगे।
180. धनकुंवर, बायसी – हम अपना जमीन नहीं देंगे।
181. निरजा बाई, कोंधा – हम जमीन नहीं देना चाहते हैं।
182. नंदनी, बायसी – हम कंपनी को नहीं देंगे।
183. तारामती, लाखपतरा – जमीन को कंपनी को नहीं देंगे। हमारे बच्चे कहॉ जायेंगे ?
184. जुलिया केरकेट्टा, पतरापारा – हम लोग यहॉ अपने बच्चों को बड़े किये हैं, कंपनी को जमीन नहीं देंगें।
185. आनंद सलोकी भगत, पतरापारा – हम डी. बी. पॉवर को जमीन नहीं देंगे।
186. बसंती भगत, बेहरापारा – डी. बी. पॉवर लिमिटेड का विरोध करती हूॅ।
187. तेरेसा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
188. गीतापंथ, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
189. सनमी, पतरापारा – विरोध करती हूॅ।
190. मुक्ता एक्का, धर्मजयगढ़ – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
191. सोफिया मिंज, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
192. लारा तिग्गा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
193. लुसीया केरकेट्टा, पतरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
194. फ्लोरा तिर्की, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
195. सारथी पुरकायस्थ ,संतोष नगर – हमारे बच्चे कहॉ जायेंगे ? जब कुछ रहेगा ही नहीं तो कहॉ जायेंगे ? इसलिये मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ।
196. पुष्पा एक्का, बेहरापारा – मैं डी.बी. पावर का विरोध करती हूॅ। वो यहॉ से हट जाये।
197. सविता रथ, जन चेतना, रायगढ़ – मैं डी. बी. ग्रुप के कोल उत्खान की जन सुनवाई का निम्न बिन्दु पर विरोध करती हूॅ आज की जन सुनवाई केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अधिसूचना 2006 के विरुद्ध है। आवेदन के 45 दिन के अंदर जन सुनवाई करवा लिया जाना चाहिए, चूंकि यह जन सुनवाई 45 दिन के बाद हो रही है यह जन सुनवाई अवैध है। यह क्षेत्र पूर्ण रुप से आदिवासी क्षेत्र है जो अनुसूची 5 के अंतर्गत है, यहॉ से 3 किलो मीटर की दूरी पर राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाने वाले बिरहोर, पंडा और पहाड़ी कोरवा के लोग रहते हैं, उन्हें हम खो देंगे, यहॉ के जंगल से जो चार और चिरोंजी से वहॉ के लोगों का भरण पोषण होता है, कोयला खदान से आदिवासी संस्कृति और सभ्यता नष्ट हो जायेगी, यहॉ हाथियों के द्वारा लोगों के फसलों को नुकसान करने की सूचना मिलती है और

हाथी भगाने के लिये लाखों रुपये खर्च होने से यह सिद्ध होता है कि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है। इस क्षेत्र का दिल्ली के टीम से जॉच करवाना चाहिए। ग्राम पंचायत के उप धारा के तहत् किसी भी ग्राम पंचायत में खदान खोलने के लिये विशेष ग्राम पंचायत का आयोजन करके उसमें सहमती लेनी होती है, लेकिन किसी भी प्रकार के ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया है। यहॉ के स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दिया जायेगा। रोजगार कार्यालय में 75000 लोग बेरोजगार लोगों की सूची है किसी भी उद्योग के द्वारा उन्हें रोजगार नहीं दिया गया है। कोल माईन क्षेत्र के 15 कि.मी. के दूरी पर ऐतिहासिक स्थल राष्ट्रीय उद्यान है, उसको छुपाया गया है, आई.टी.आई. यहॉ है जिसकी जानकारी नहीं दी गई है। माण्ड नदी से पानी ली जायेगी, और खदान से भी पानी निकाला जायेगा, जिससे माण्ड नदी पर खतरा बढ़ जायेगा, और माण्ड नदी का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा, महिलाओं को विस्थापन का मार झेलना पड़ता है, उनके लिये ई. आई. ए. में एक लाईन भी नहीं लिखा गया है। पुलिस रिकार्ड के अनुसार सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार होता है, इस जिले में एक अदद महिला थाना का निर्माण हो। किस कंपनी के द्वारा आज तक किसी स्थल पर आदर्श नीति के तहत् पुर्नवास किया है तो हमें दिखा दे। धरती के अंदर की संपदा का अधिकार किसानों को मिलना चाहिए, यह जन सुनवाई अवैधानिक है अतः इस जन सुनवाई को तत्काल निरस्त कर देना चाहिए।

